nt>

Title: Need to provide compensation to the people affected in a fire incident in the Indian Oil Depot at Baitalpur in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : उपाध्यक्ष जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र देवरिया के बैतालपुर स्थित इंडियन ऑयल के डिपो में 30 जून को भीाण आग लग गई। इससे भयाक्रांत होकर आसपास के लोग अपना घर और गांव छोड़कर भाग लिए और हजारों लोगों की सम्पत्ति का नुकसान हुआ। विभाग ने जिनकी बर्बादी हुई, उनकी कुछ भी भरपाई नहीं की और यह डिपो लगते समय जिनकी जमीन अधिगृहीत हुई थी, उनके वार्ड को सेवा में रखना था, लेकिन उन्हें भी नौकरी नहीं मिली। मेरा सरकार से आग्रह है कि इस डिपो के कारण जिन लोगों का नुकसान हुआ है या जिनकी जमीन गई है उनकी भरपाई के लिए शासन कदम उठावे।